प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 26.04.2025

मुख्य समाचारः—

- देशभर के सैंतालीस स्थानों में आज आयोजित किए गए रोजगार मेले—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इंक्यावन हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र—रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने तिरसठ युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र।
- मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों के निराकरण में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों—कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में कल एक—दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना—कई स्थानों पर तेज हवाएं चलने के भी आसार।

<u>रोजगार मेला—प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त इंक्यावन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेले का पंद्रहवां संस्करण आज रायपुर सहित देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया था।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स के बारे में कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

*<u>कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा।</u>*

श्री मोदी ने कहा कि देश की महिलाएं नौकरशाही, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं।

*<u>आज भारत के युवाओं की सफलता में सबसे सराहनीय बात है, उसकी इनक्लूजीवीटी भारत आज जो कीर्तिमान गढ़ रहा है। उसमें हर वर्ग की भागीदारी बढ़ रही है। अभी कुछ ही दिन पहले यूपीएससी का रिजल्ट आया है। उसमें भी टॉप टू पोजिशन बेटियों ने हासिल की है। टॉप—5 में तीन टॉपर बेटियां हैं।</u>*

<u>रोजगार मेला—केंद्रीय राज्यमंत्री</u>

इधर, रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के नव—नियुक्त तिरसठ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि यह रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

इस रोजगार मेले का आयोजन आयकर विभाग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने कहा कि रोजगार मेले के जरिए अब तक करीब दस लाख युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है।

पाकिस्तानी नागरिक–वीजा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें पाकिस्तान वापस भेजने के केंद्र सरकार के निर्देशों का छत्तीसगढ़ में सख्ती से पालन किया जाएगा। सभी शॉर्ट वीजा को निरस्त कर दिया गया है और अब पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाना होगा। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा अब केवल सत्ताईस अप्रैल तक ही वैध रहेगा। जबकि, मेडिकल वीजा धारकों को उनतीस अप्रैल तक की मोहलत दी गई है।

सूचना प्रसारण–मीडिया परामर्श

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षाबलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने मीडिया से रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित स्रोत आधारित सूचना पर रिपोर्टिंग करने से भी दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा देश विरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है और अभियानों के प्रभाव और सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है।

मंत्रालय ने कहा है कि विगत की घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को उजागर किया है। करगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमलों तथा कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया था।

भारतमाला परियोजना–कार्रवाई

भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई करते हुए चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को आज रायपुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि इस मामले में ईओडब्ल्यू ने कल बीस स्थानों पर दबिश देकर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया था।

मुख्यमंत्री–राजस्व समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को फौती–नामांतरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। आज रायपुर में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि तय समय–सीमा में नामांतरण नहीं होने पर संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग का सीधा संबंध आम जनता से है। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय का संचालन सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से किया जाए।

पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट

राज्य के प्रमुख विभागों की तेरह सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, जिससे नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिल सकें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। नई व्यवस्था के तहत, इन तेरह सेवाओं के लिए निर्धारित समय–सीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह सुधार न केवल जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, बल्कि राज्य में निवेश और विकास को भी नई गति देगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

माओवादी ऑपरेशन–जवान घायल

बीजापुर जिले के कार्रेगुटा के जंगलों में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का ऑपरेशन पांचवें दिन भी जारी है। सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान जब सुरक्षा बल के जवान गलगम से कार्रेगुटा पहाड़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आईईडी विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी का एक जवान घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया है। सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान अब तक तीन महिला माओवादियों के शवों को बरामद किया है।

स्पेशल ट्रेन

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग से उत्तराखंड के लालकुआं के बीच अट्ठारह फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक मई से सत्ताईस जून तक किया जाएगा। इस गाड़ी का ठहराव दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। यह ट्रेन दुर्ग से सप्ताह में हर गुरूवार को चलेगी। वहीं, लालकुआं से यह ट्रेन हर शुक्रवार को दुर्ग के लिए रवाना होगी।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''मोहला–मानुपर–अंबागढ़ चौकी'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन, कल से कुछ स्थानों में मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना हैं। वहीं,

कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों में कुछ जगहों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

- जांजगीर–चांपा जिले के पहरिया गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है।
- बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र के बिमलापुर के जंगल में शिकार के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- इसी जिले की राजपुर पुलिस ने च्वॉईस सेंटर के माध्यम से लाखों रूपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर अंबिकापुर और राजपुर में करीब बारह लाख रूपये की ठगी करने का आरोप है।
- कोरबा जिले के फूलसरी गांव में जंगली सुअर के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।